गुरू घासीदास विश्वविद्यालय
GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA

(A Central University established by the Central Universities Act, 2009, No.25 of 2009)

KONI, BILASPUR-495 009 (C.G.) INDIA, कोनी बिलासपुर 495 009 (छ0ग0) भारत

Tel. - +91-7752- 260342, 260221 Fax - +91-7752- 260154, 260148, website - www.ggu.ac.in

क्रमांक 261 /अकादमी/21 बिलासपुर, दिनांक- 12.11.2021

कार्यालयीय ज्ञाप

पूर्व में जारी सम कार्यालयीय ज्ञाप के अनुक्रम में, वेट/व्रेट 2021 के सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अब प्रवेश की प्रक्रिया निम्नानुसार संचालित की जाएगी –

1. अंतिम चरण की ऑनलाइन VET काउंसिलिंग दिनांक 16.11.2021 से 20.11.2021 तक आयोजित की जाएगी।
2. दिनांक 21.11.2021 के बाद ऑनलाइन VET काउंसिलिंग प्रणाली बंद कर दी जाएगी एवं आवेदकों के लिए ऑफलाइन/स्पॉट काउंसिलिंग की सुविधा निम्नानुसार उपलब्ध कराई जाएगी –

अ. दिनांक 21.11.2021 को किसी पाठ्यक्रम में सीटें रिक्त रहने की स्थिति एवं उस पाठ्यक्रम की प्रावीण्य सूची में कुछ उम्मीदवारों के रहने की स्थिति में संबंधित विभाग दिनांक 22.11.2021 से 25.11.2021 तक प्रावीण्य सूची के आधार पर उन आवेदकों को ऑफलाइन प्रवेश दे सकते हैं।

ब. दिनांक 21.11.2021 को किसी पाठ्यक्रम में सीटें रिक्त रहने एवं पाठ्यक्रम की प्रावीण्य सूची में एक भी उम्मीदवार नहीं रहने पर, संबंधित विभाग दिनांक 22.11.2021 को विश्वविद्यालय के वेबपटल www.ggu.ac.in एवं विभागीय सूचना पटल पर रिक्त सीटों की जानकारी प्रदर्शित करेंगे एवं स्थानांतरण हेतु आवेदन आमंत्रित करेंगे। विभाग में रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 25.11.2021 को या इससे पहले ऐसे विभाग में सहायक दस्तावेजों व ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति के साथ सादे कागज में आवेदन स्थानांतरित करने का निवेदन (ऑनलाइन/ऑफलाइन) जमा कर सकेंगे।

संबंधित विभाग दिनांक 26.11.2021 को ऐसे आवेदकों को प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश देंगे।

स. वेट 2021–22 प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक 26.11.2021 है।

द. इस प्रक्रिया में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी अपना शुल्क वेबपटल www.ggu.ac.in पर ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।

3. व्रेट (VRET) प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार संचालित की जाएगी–

अ. व्रेट/व्रेट से छूट प्राप्त उम्मीदवारों की सूची एवं उनके ऑनलाइन आवेदनों तक अभिगम, अकादमी अनुभाग द्वारा दिनांक 18.11.2021 या इससे पहले विभागों को उपलब्ध कराया जाएगा।

ब. विभाग व्रेट अर्ह/व्रेट से छूट प्राप्त उम्मीदवारों से सहायक दस्तावेज एकत्र करेंगे, इन दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे, उम्मीदवारों को ई–मेल एवं स्पीड/पंजीकृत डाक से साक्षात्कार पत्र भेजेंगे एवं ऐसे उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार की व्यवस्था करेंगे।

स. उम्मीदवार ऑनलाइन साक्षात्कार में शामिल होंगे एव अपनी प्रस्तुति ऑनलाइन देंगे।

द. विभाग पीएचडी विनियम 2018 एवं व्रेट 2021 प्रवेश प्रक्रिया के प्रावधानों के अनुसार चयनित उम्मीदवारों की प्रावीण्य सूची तैयार करेंगे एवं दिनांक 09.12.2021 या उससे पहले चयनित उम्मीदवारों का परिणाम/सूची घोषित करेंगे।

इ. चयनित उम्मीदवार दिनांक 15.12.2021 या इससे पहले निर्धारित प्रवेश शुल्क वेबपटल www.ggu.ac.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

फ. प्रवेश ले चुके छात्रों का प्री–पीएचडी कोर्स वर्क दिनांक 20.12. 2021 से प्रारम्भ होगा।

4. अधिसंख्य (सुपरन्यूमेरेरी) कोटा के विरूद्ध कर्मचारियों के बच्चों को प्रवेश उनकी प्रावीण्यता के आधार पर दिनांक 26 नवम्बर 2021 या इससे पहले दिया जाएगा एवं शुल्क ऑनलाइन (www.ggu.ac.in) जमा कराया जाएगा।

5. नव प्रवेशित छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं दिनांक 29 नवम्बर, 2021 से प्रारम्भ होंगी।

6. उपरोक्त प्रक्रिया में नए आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।

7. संबंधित विद्यापीठ के अधिष्ठाता अपनी विद्यापीठ के विभागों की प्रवेश प्रक्रिया का समन्वयन करेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव (कार्यवाहक)

पृ. क्र. 262 /अकादमी/21 बिलासपुर, दिनांक- 12.11.2021

प्रतिलिपि-

1. कुलपति के निज सहायक/सचिव की ओर कुलपतिजी के सूचनार्थ ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. समस्त अधिष्ठातागण, विद्यापीठें, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ ।
5. परीक्षा नियंत्रक, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ ।
6. समन्वयक, आई टी प्रकोष्ठ को सूचनार्थ एवं वेबपटल पर जारी किये जाने की आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7. मीडिया प्रभारी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ ।
8. कार्यालय प्रति ।

सहायक कुलसचिव (अकादमी)